तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 28 नवंबर 2025

12 युवती के परिवार पर हमला करने वालों पर कार्रवाई नहीं एसएचओ को लगाई फटकार



12 हम आने वाली पीढ़ियों को ट्रांसफर व स्ट्रेस



## खबर संक्षेप

### विदेश भेजने के नाम पर दो युवकों से ठगी

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर गांव अजीजपुर कलां निवासी सागर व अभिषेक से लाखों रुपये ठग लिए गए। आरोप साढौरा थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर निवासी पवन कुमार पर लगा है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव अजीजपुर कलां निवासी सागर व अभिषेक ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह दोनों रोगजार के लिए विदेश जाना चाहते थे। इस दौरान उन्हें पता चला कि गांव महमदपुर निवासी पवन कुमार लोगों को विदेश भेजने का काम करता है।

### नशे के दो तस्करों को 20 साल की कैद

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपियों तसव्वर पुत्र अफजल और शाकिर पुत्र नासीर निवासी गांव पंजीठ जिला शामली उत्तर प्रदेश को दोषी करार देते हुए इन्हें 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं तसव्वर व शाकिर पर दो दो लाख रूपये का जुर्माना किया। जुर्माना नही देने पर दोषियों को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

### चिकित्सकों ने दो घंटें तक हडताल की

**पानीपत।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर पानीपत के सिविल अस्पताल में चिकित्सकों ने अपनी मांगों के समर्थन में गुरुवार की सुबह दो घंटे की हड़ताल की। वहीं, हडताल के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पडा।

### हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत के सेक्टर 29 क्षेत्र के जीटी रोड हाईवे पर कार की टक्कर से 77 वर्षीय भतेरी निवासी सौदापुर की मौत हो गई। इधर, हुडा सेक्टर-29 थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद भतेरी का शव उसके परिजनों को सौंप कर कार के चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ आज

**पानीपत।** पानीपत सहकारी चीनी मिल लिमिटेड के 69वें पिराई सत्र का शुभारंभ शुक्रवार को मिल प्रांगण में किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त एवं मिल चेयरमैन डॉ. वीरेंद्र दहिया ने देते हुए बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, पंचायत विकास मंत्री कृष्ण पंवार, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, सहकारिता मंत्री मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पानीपत शहर के विधायक प्रमोद कुमार विज व समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना शिकरत करेंगे।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार।

### अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सवः शिल्पकारों के स्टॉलों पर पर्यटक जमकर कर रहे खरीदारी

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में बिखरी सांस्कृतिक छटा, ब्रह्म सरोवर के घाटों पर थिरके पर्यटक

महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को खरीदारी के साथ-साथ शानदार सांस्कृतिक अनुभव भी मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव इस वर्ष शिल्प, आध्यात्म और संस्कृति का अद्भुत संगम बन गया है। जहां एक ओर देश के कोने-कोने से आए शिल्पकारों के स्टॉलों पर पर्यटकों द्वारा जमकर खरीदारी की जा रही है, वहीं दूसरी ओर ब्रह्म सरोवर के घाट सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बन गए है। महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को खरीदारी के साथ-साथ शानदार सांस्कृतिक अनुभव भी मिल रहा है। ब्रह्म सरोवर के पवित्र घाटों पर बीन कलाकारों द्वारा मनमोहक और अद्भुत प्रस्तुतिया दी जा रही हैं। इन कलाकारों ने अपनी पारंपरिक धुनों और ऊर्जावान संगीत से ऐसा समां बांधा कि उपस्थित पर्यटक खुद को रोक नहीं पा रहें है। कलाकारों की इन शानदार प्रस्तुतियों पर बड़ी संख्या में आए पर्यटक और श्रद्धालु उत्साह के साथ झूमते और थिरकते हुए देखे गए। घाटों पर बने मंच के आस-पास का वातावरण पूरी तरह से उल्लास और आनंद से भर गया। यह अन्तर्राष्ट्रीय समारोह भारतीय लोक कला और सांस्कृतिक मेलजोल का भी एक महत्वपूर्ण मंच है।

### हरियाणा पैवेलियन में हस्तनिर्मित डेकोरेटिव आइटम्स बने आकर्षण का केंद्र, नजर आ रही स्वावलंबी भारत की झलक



कुरुक्षेत्र। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में हरियाणा पैवेलियन सजाया गया है, जो कला, संस्कृति और स्वदेशी उद्यम का एक जीवंत केंद्र बन गया है। जहां दिन भर सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं, वहीं पैवेलियन में लगाए गए स्टॉल पर्यटकों के लिए खरीदारी का मुख्य आकर्षण बने हुए है। पुरुषोत्तमपुरा बाग में स्थापित किए गए हरियाणा पैवेलियन में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले लगाए गए स्टॉल पर हस्त निर्मित (हैंडीक्राफ्ट) डेकोरेटिव आइटम्स पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे है। सजावटी सामान के अलावा, स्टॉल पर श्री गुरु नानक देव जी, शहीद भगत सिंह, राम मंदिर और ज्योतिबा फुले जैसे प्रेरणादायक हस्तियों और स्थानों पर आधारित डेकोरेटिव पीस भी मिल रहे हैं, जिन्हें पर्यटक अपने घरों के लिए स्मृति चिह्न के रूप में खरीद रहे है।

### महोत्सव में पांगी औषधि लेकर पहुंचे हिमाचल के विपिन ठाकुर



कुरुक्षेत्र। अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का सरस और शिल्प मेला देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत का एक अनूठा संगम बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश के पांगी ट्राइब से आए पूर्व सैनिक विपिन ठाकुर ने महोत्सव में स्टॉल नंबर 715 लगाया है। इस स्टॉल पर वे पांगी औषधियां लेकर पहुंचे हैं। पर्यटक और श्रद्धालु बड़ी संख्या में इन दुर्लभ औषधियों के बारे में जानकारी लेने और उन्हें खरीदने के लिए स्टॉल पर पहुंच रहे हैं। यह स्टॉल न केवल हिमाचल प्रदेश की समृद्ध जनजातीय परंपरा और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को प्रदर्शित कर रहा है, बल्कि महोत्सव में स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति हर्बल दवाइयों के सेवन को लेकर जागरूकता भी बढ़ा रहा है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मेडिकल हेरिटेज से प्रशिक्षण प्राप्त पूर्व सैनिक विपिन ठाकुर ने बताया कि वे 2016 से इस महोत्सव में आ रहे है। अब तक हजारों पर्यटकों को उनकी औषधियों से लाभ मिला है। ये औषधियां हिमाचल प्रदेश के पांगी क्षेत्र में केवल अप्रैल माह में बर्फ पिघलने के बाद ही उपलब्ध हो पाती हैं, जिसके कारण ये अत्यंत दुर्लभ हैं।



### आकर्षण का केंद्र बनी ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी

कुरुक्षेत्र। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा की ओर से अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर ब्रह्म सरोवर स्थित पुरुषोत्तमपुरा बाग में एक भव्य और ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का लगाई गई है। यह प्रदर्शनी श्रीमद्भागवत गीता के संदेश, हरियाणा की ऐतिहासिक धरोहर के साथ-साथ राज्य सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को विभिन्न आकर्षक माध्यमों से दर्शा रही है, जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रदर्शनी के पहले दो भाग श्रीमद्भागवत गीता के शाश्वत संदेश एवं श्लोकों और कुरुक्षेत्र की भूमि से इसके गहरे जुड़ाव को समर्पित है। विभिन्न कलाकृतियों, सूचना पट्टों तथा तकनीक के माध्यम से गीता के उपदेशों को सरल और सहज तरीके से प्रस्तुत किया गया है। यही नहीं, प्रदर्शनी में महाभारत युद्ध के पहले दिन से लेकर आखिरी दिन की सभी घटनाओं एवं 48 कोश तीर्थों के बारे में दशार्या गया है।

### मध्य प्रदेश पवेलियन के पारंपरिक व्यंजन बन रहे मुख्य आकर्षण



कुरुक्षेत्र। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में इस वर्ष सहयोगी राज्य के रूप में शामिल हुए मध्य प्रदेश ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ अपने लजीज और पारंपरिक व्यंजनों से भी पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। महोत्सव परिसर में मध्य प्रदेश की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने वाला एक भव्य मध्य प्रदेश पैवेलियन स्थापित किया गया है। यह पैवेलियन न केवल राज्य की मनमोहक सांस्कृतिक और कलात्मक झलक प्रस्तुत कर रहा है, बल्कि यहां लगाए गए व्यंजन स्टॉल आकर्षण का केंद्र बन गए है।

### बिजली के चाक पर बने मिट्टी के बर्तनों से सजा ब्रह्मसरोवर का पावन तट



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में आने वाले शिल्पकार अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करके महोत्सव में आने वाले लोगों के लिए स्वरोजगार प्रेरक बन रहे हैं। वे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्म सरोवर के तट पर अपने मिट्टी के बर्तनों को बेच ही नहीं रहे हैं बल्कि दूसरों को मिट्टी के बर्तन बनाना सिखाकर इस कला में पारखी बना रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में गोहाना के गांव भावड़ से आए मनजीत सिंह के लिए मिट्टी के बर्तन बनाना उनका पुश्तैनी काम है। उनके परिवार के अन्य सदस्य भी यही काम करते आए हैं, लेकिन उन्होंने आधुनिकीकरण के इस जमाने में और प्रतियोगिताओं के दौर में अपने बर्तनों को नया रूप देते हुए इन्हें आज के बाजार में उतारा है। यही नहीं इस कला में वह दूसरों को भी अवगत करा रहे हैं और कोई भी इनके पास मिट्टी के बर्तन बनाने की कला सीख सकता है। यह शिल्पकार विगत कई साल से ब्रह्मसरोवर के तट पर अपने बर्तनों की प्रदर्शनी लगाकर इन्हें सेल भी कर रहे हैं। वह अपने पास मिट्टी की तस्वीरों के साथ-साथ मिट्टी के मुखौटे, तुलसी गमले, रिंग बेल फ्लावर पॉट, वॉटर बॉल इत्यादि रखे हुए है।

## 34 करोड़ रुपये की लागत से बिजली व्यवस्था में होगा सुधार

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बिजली निगम के नए भवन का मुआयना किया

- सब डिवीजन नंबर एक व दो एसडीओ के अलावा, एक्सईएन कार्यालय भी नए भवन में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि 34 करोड़ रूपए की लागत से जर्जर हालत में ट्रांसफार्मर, खंभे, फीडरों में सुधार, तारों के गुच्छे या लटकती तारों को ठीक करने का काम किया जाएगा ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से और बेहतर तरीके से बिजली मिल सके।

विज वीरवार देर शाम 12 क्रॉस रोड अंबाला छावनी स्थित उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के नए भवन का मुआयना कर रहे थे। इससे पहले यहां पहुंचने पर मंत्री का बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता व अन्य अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। विज ने इस मौके पर बताया कि 12 क्रॉस रोड पर बिजली निगम का पुराना कार्यालय होता था लेकिन अब यहां पर सभी सुविधाओं से युक्त बिजली निगम कार्यालय बनाया गया है जिसमें सब डिवीजन नंबर एक व दो के एसडीओ कार्यालय के साथ-साथ एक्सईएन कार्यालय भी है। यहां पर बिजली उपभोक्ताओं के बिल भरने के लिए विंडो के साथ-साथ बिजली संबधी शिकायत दर्ज करवाने के लिए भी विंडो स्थापित की गई है ताकि उपभोक्ताओं का किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी बताया कि यहां पर लिफ्ट की सुविधा के साथ-साथ कार्यालय के कर्मचारियों के लिए भी कमरों की व्यवस्था है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि इस भवन के बनने से बिजली उपभोक्ताओं को काफी सुविधा मिलेगी। लोग सुगमता से यहां पर आकर अपने कार्यों को करवा सकेंगे। पहले अलग-अलग जगहों पर कार्यालय होने से लोगों को काफी परेशानी होती थी लेकिन अब उन्हें इन परेशानियों से निजात मिलेगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली निगम द्वारा लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा मिले इस दिशा में काम किए जा रहे हैं।



अंबाला। अधिकारियों के साथ मौजूद मंत्री अनिल विज

## व्यक्ति ने गुरु रविदास मंदिर में घुसकर मूर्ति में लगाई आग

### सीसीटीवी में मंदिर के पास घूमता मिला अज्ञात व्यक्ति, पुलिस ने मौके पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

गांव पौंटी में वीरवार तड़के एक व्यक्ति ने गुरु रविदास मंदिर में घुसकर मूर्ति को आग लगा दी। सुबह जब गांव की महिला मंदिर में पूजा करने के लिए पहुंची तो गुरु रविदास की जली हुई मूर्ति देखकर ग्रामीणों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मूर्ति के सामने रखी थाली में एक जली हुई बीड़ी भी पड़ी मिली। सदर जगाधरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी।

गांववासी अमरजीत ने बताया कि गांव में गुरु रविदास का काफी पुराना मंदिर है। जिससे ग्रामीणों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। मंदिर के कपाट बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे बंद कर दिए गए थे। कपाट बंद करके मंदिर के गेटों पर ताला नहीं लगाया जाता। वीरवार सुबह करीब पांच बजे गांव की ही एक महिला मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए आई थी। जैसे ही गेट की कुंडी खोलकर महिला मंदिर के अंदर पहुंची तो उसने देखा कि गुरु रविदास की मूर्ति आग से जल रही है। उसने तुरंत बाहर आकर शोर मचाया। मौके पर तुरंत ग्रामीण भी एकत्रित हो गए। मंदिर के अंदर जाकर देखा तो मूर्ति पर पहनाया गया चोला पूरा जल चुका था और आसपास का सामान भी जला हुआ था। इस दौरान मूर्ति के आगे रखी थाली में एक जली हुई बीड़ी भी मिली। ग्रामीणों द्वारा तुरंत इसकी सूचना पुलिस की दी गई। सूचना मिलते ही जगाधरी सदर थाना से एसएचओ राजिंद्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।



यमुनानगर। पौंटी में गुरू रविदास मंदिर में आग लगने से जली मूर्ति के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीण।

### आरोपित मानसिक रूप से बिमार

जगाधरी सदर थाना प्रभारी राजिंद्र सिंह ने बताया कि जब पुलिस टीम ने गांव में लगे सीसीटीवी की जांच की तो एक अज्ञात व्यक्ति रात करीब साढे 3 बजे मंदिर के आसपास घूमता नजर आ रहा है। पूछताछ में पता चला है कि वह व्यक्ति पिछले चार पांच दिनों से आसपास के गांवों में घूम रहा है और मानसिक तौर पर बीमार है। उसी के द्वारा मंदिर में घुसकर मूर्ति को आग लगाई गई है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों से मिली शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## चोरों ने तीन घरों से चुराई लाखों रुपये की नगदी, आभूषण व अन्य सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

जिले में चोरों ने तीन घरों के ताले तोड़कर लाखों रुपये की नगदी, चांदी के आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कपाल मोचन निवासी पीयूष राठौर ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 14 नवंबर को घर का ताला लगाकर परिवार के सभी सदस्यों के साथ बाहर गया था। देर शाम जब वह घर लौटे तो अंदर कमरों के लगे ताले टूटे हुए थे और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी से 25 हजार रुपये, चांदी के छह सिक्के, तीन जोड़ी पायल, पीतल के 20 बर्तन गायब मिले।

### दो पड़ोसियों के घरों से साढ़े 82 हजार रुपये चोरी

थर्मल कॉलोनी पांसरा निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि 25 नवंबर की रात को वह परिवार के साथ खाना खाकर सो गया था। सुबह जब उठा तो घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से 70 हजार रुपये गायब मिले। इस दौरान उसे पता चला कि चोरों ने रात को उनके पड़ोसी विशाल वर्मा के घर से भी साढ़े 12 हजार रुपये तथा घड़ी गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 24 लाख 45 हजार की राशि से डलेगी पाईप लाईन

## शनि मंदिर कॉलोनी को मिलेगी जलभराव की समस्या से निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। शाहबाद

शाहाबाद की शनि मंदिर कॉलोनी के निवासियों को जलभराव की पुरानी समस्या से निजात दिलाने के लिए पाईप लाईन डाले जाने का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। जिसकी शुरूआत भाजपा नेता सुभाष कलसाना और पार्षद ईशु सचदेवा ने की। सुभाष कलसाना ने इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण विकास कार्य पर 24 लाख 45 हजार की राशि खर्च की जाएगी और जल्द ही प्रोजक्ट को मुकम्मल कर लिया जाएगा। सुभाष कलसाना ने कहा कि नगरपालिका की ओर से शुरू की गई इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य शनि मंदिर क्षेत्र से पानी की समुचित निकासी सुनिश्चित करना है जिससे लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या समाप्त हो सके। उन्होंने कहा कि शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बातचीत की जा रही है और अपेक्षा से विकास राशि शाहाबाद के विकास व सौन्दर्यीकरण के लिए आयेगी। इस दौरान वार्ड नं. 10 की पार्षद ईशु सचदेवा ने इस निर्माण की प्रंशसा करते हुए कहा कि शनि कॉलोनी के लोग कई सालों से इस गंभीर समस्या से जूझ रहे थे।



### सुभाष कलसाना क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पकृत हैं और लगतार सभी विभागों से समीक्षा कर रहे

पार्षद ईशु सचदेवा ने कहा कि आज सुभाष कलसाना की बदौलत इस समस्या के समाधान की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि सुभाष कलसाना क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पकृत हैं और लगतार सभी विभागों से समीक्षा कर रहे हैं। शनि कॉलोनी वासियों बंसी लाल शर्मा, यशपाल, सुरेन्द्र ने कहा कि यह उनकी चिरप्रतिक्षित मांग थी जो आज पूरी हुई है। कालोनीवासियों ने कहा कि सुभाष कलसाना ने उनकी पीड़ा और दर्द को समझा को समझा है इसके लिए सुभाष कलसाना का आभार व्यक्त करते हैं। इससे पहले निर्माण स्थल पर पहुंचने पर शनि कालोनी के लोगों ने सुभाष कलसाना व पार्षद ईशु सदेवा का अभिनंदन पुष्प मालाओं से किया। इस अवसर पर पार्षद ईशु सचदेवा, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान गुरप्रीत बाछल, पार्षद दीपक आनंद, एडवोकेट मनदीप रावा, कमित सचदेवा, श्याम रावत, तिलक राज सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## नगर निगम कार्यालय में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट व मैरिज पैलेस संचालकों की बैठक

# सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल करने पर होटल व रेस्टोरेंट को देंगे नोटिस : यादव

होटलों में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने और मौके पर ही निपटान करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में निर्देश देते निगम के विशेष सफाई अधिकारी अनिल यादव।

ट्विन सिटी में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने को लेकर नगर निगम कार्यालय में बीडब्ल्यूजी (बल्क वेस्ट जनरेटर) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न होटल, मैरिज पैलेस, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। निगम के विशेष सफाई अधिकारी एचसीएस अनिल यादव ने कार्यशाला की अध्यक्षता की।

मौके पर निगम के सीएसआई अनिल नैन भी मौजूद रहे। निगम के विशेष सफाई अधिकारी एचसीएस अनिल यादव ने कार्यशाला में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट व मैरिज पैलेस संचालकों को कचरा सेग्रीगेशन, ऑन साइट कम्पोस्टिंग एवं रीसाइक्लिंग की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी होटल व मैरिज पैलेस प्रतिनिधियों व संचालकों को सचेत किया कि नगर निगम की टीम जल्द ही सभी संस्थानों में जांच करेगी। जो भी संस्थान सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करता हुआ मिला, उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे और निगम द्वारा बड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने सभी को एमएसडब्ल्यू मैनेजमेंट अधिनियम 2016 और बीडब्ल्यूजी गाइडलाइन 2017 के अनुसार अपने-अपने संस्थान से निकलने वाले कचरे का स्वयं निपटान करने के निर्देश दिए। कार्यशाला के दौरान गीले व सूखे कचरे को अलग रखने, होटल, मैरिज पैलेस और अन्य संस्थानों के परिसर में ही कम्पोस्ट तैयार कर गीले कचरे से खाद तैयार करने और रीसाइक्लेबल कचरे को अधिकृत रीसाइक्लर तक पहुंचाने की वैज्ञानिक प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रतिभागियों ने अपने-अपने परिसर में प्रभावी कचरा प्रबंधन प्रणाली लागू करने एवं जीरो वेस्ट मॉडल अपनाने का संकल्प लिया।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर होगा चालान

नगर निगम के विशेष सफाई अधिकारी अनिल यादव ने कहा कि कैल कचरा निस्तारण प्लांट में 90 प्रतिशत कचरा सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का है, जिसके जिम्मेदार हम सब हैं। यदि अब किसी भी होटल, ढाबा, मैरिज पैलेस व रेस्टोरेंट आदि में सिंगल यूज प्लास्टिक मिली तो उसका चालान होगा। साथ ही उसे कैल कचरा प्लांट में ले जाकर समझाया जाएगा। उन्होंने सभी से स्वच्छता अभियान में निगम का सहयोग करने, अपने संस्थान व आसपास के क्षेत्र को साफ रखने और स्वच्छता संबंधित सभी नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही नियमों का पालन न करने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

### लावारिस कुत्तों को पकड़ने का कार्य जल्द होगा शुरू : प्रसाद

**यमुनानगर।** लावारिस कुत्तों को पकड़ने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। पहले खूंखार कुत्तों को पकड़कर डॉग शेल्टर पहुंचाया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेशों की पालना कर कुत्तों के पकड़ने के कार्य को लेकर नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने वीरवार को नगर निगम व पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को एंटी रेबीज वैक्सीन, नसबंदी व टीकाकरण की सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 7082410824 के साइन बोर्ड व होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण के लिए टेंडर जारी किया हुआ है। कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण के लिए गुलाब नगर व अंबाला रोड समेत तीन डॉग शेल्टर बनाए गए है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी सरकारी और निजी अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और रेलवे स्टेशनए बस स्टैंड जैसी सार्वजनिक जगहों से आवारा कुत्तों से मुक्त करने का कार्य पहले करें। कुत्तों पर नियंत्रण करने के लिए सभी शिक्षण संस्थानों व अन्य संस्थानों में नोडल ऑफिसर बनाए गए है। पेट्रोलिंग टीमें तैयार करें। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में कुत्तों को पकड़ने के लिए नगर निगम, पुलिस, वेटरनरी स्टाफ, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। नगर निगम क्षेत्र बेसहारा पशुओं से मुक्त हो चुका है। कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण होने से शहर में बढ़ रहे डॉग बाइट के केस कम होंगे। मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, सीएसआई विनोद बेनीवाल, सीएसआई हरजीत सिंह, एसआई गोविंद शर्मा, डॉ. सतबीर सिंह आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर। निगम कार्यालय में लावारिस कुत्तों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद।

# डेंगू की जगह बुखार का इलाज, किशोरी की मौत

- परिजनों ने क्लीनिक के डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप, एसपी को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की बैंक कॉलोनी में बीमारी के चलते एक 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। परिजनों ने इस मामले में डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि उनकी बच्ची गंभीर बीमार थी, लेकिन डॉक्टर उन्हें गुमराह करके उसका इलाज करता रहा। तबीयत बिगड़ने पर जब वह उसे पीजीआई लेकर जा रहे थे तो रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने सचिवालय पहुंचकर इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल को दी। पुलिस अधीक्षक ने मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। बैंक कॉलोनी निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी अनुष्का को 19 नवंबर को बुखार हुआ था। वह उसे दवाई दिलाने के लिए शाम को करीब छह बजे नजदीकी बच्चों के एक क्लीनिक लेकर गए, जहां डॉक्टर बिना किसी खास जांच के उसे भर्ती कर लिया और सिर्फ ग्लूकोज व इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया। यह सिलसिला तीन-चार दिन तक चलता रहा।


यमुनानगर। जिला सचिवालय में पुलिस अधीक्षक को मिलने जाते परिजन।

### आश्वासन दिया

राजेश कुमार ने बताया कि दूसरे डॉक्टर द्वारा किए गए टेस्ट में सामने आया कि उसकी बेटी को पीलिया और डेंगू हुआ था, लेकिन आरोपी डॉक्टर उन्हें मामूली बुखार बताकर बच्ची का इलाज करता रहा। यदि समय रहते बच्ची को सही उपचार मिल जाता तो उसकी जान बच सकती थी।

# एकाग्रता से पढ़ाई कर बनाएं भविष्य : गर्ग

- दिल्ली पब्लिक स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों के लिए स्कॉलर्स बैज समारोह का हुआ आयोजन
- समारोह में कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्कॉलर बैज देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित स्कॉलर बैज समारोह में मौजूद गणमान्य लोग व मेधावी बच्चे।

दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में वीरवार को मेधावी विद्यार्थियों के लिए स्कॉलर्स बैज समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के कक्षा पांचवी से कक्षा बारहवीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को प्रशंस्ति पत्र और स्कॉलर बैज देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल के चेयरमैन राम निवास गर्ग ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने की।

स्कूल की प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने बताया कि कार्यक्रम में कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रशंस्ति पत्र और स्कॉलर बैज देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि मौके पर लगातार तीन स्कॉलर बैज पाने वाले विद्यार्थियों को प्रशंस्ति पत्र के साथ-साथ ब्लू ब्लेजर से भी सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि समारोह में खास उपलब्धि कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों में आरव सिंघल, नैतिक सिंगला, मानवी शर्मा, परिधि, संस्कृति बत्रा, आर्यन, आदित्य गर्ग, अद्वितीय गर्ग, अमय गोयल और कक्षा बारहवीं के सहज सिंह की रही। क्योंकि यह विद्यार्थी पिछले छह वर्षों से लगातार मेधावी छात्र की उपलब्धि हासिल करके सुपर अचीवर बने और उन्हें ब्लू टाई एवं प्रशंस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्कूल में पूरे वर्ष शत-प्रतिशत उपस्थित रहने वाले विद्यार्थी भी सम्मान का हिस्सा बने। उन्हें भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशंस्ति पत्र देने के पश्चात विद्यार्थियों का मंच पर स्वागत किया गया। सभी बच्चे अपनी उपलब्धियों के लिए सम्मान पत्र पाकर उत्साहित थे। विद्यालय का प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। लगातार आठ वर्षों से स्कॉलर बैज प्राप्त कर रहे विद्यालय के हेड बॉय हितांश सहगल ने अपनी उपलब्धि के लिए विद्यालय के अध्यापकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और एकाग्रता ही सामान्य बालक को विशिष्ट बालक बनाती है।

### मेधावी विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें

विद्यालय के चेयरमैन राम निवास गर्ग ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी मेधावी विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, ईमानदारी, प्रतिबद्धता और दृढ़ता जैसे गुणों ने आज इन्हें इस मंच तक पहुँचाया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मेधावी विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने का आग्रह किया।

# एसके मार्ग पर स्पीड ब्रेकर निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के एसके मार्ग पर सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने स्पीड ब्रेकर बनाने के कार्य का शुभारंभ किया है। कस्बावासियों ने पीडब्ल्यूडी द्वारा स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के कार्य की सराहना की है। क्षेत्र के प्रदीप कांबोज, पार्षद जसवंत सिंह, सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी आदि ने बताया कि एसके रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। क्योंकि एसके मार्ग पर आए दिन कहीं न कहीं सड़क दुर्घटनाएं हो रही थीं, जिससे लोग भयभीत थे। मगर अब पीडब्ल्यूडी ने एसके रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने का कार्य शुरू किया है। जिससे मार्ग पर सड़क हदसों पर अंकुश लगने की संभावना बन गई है। उन्होंने बताया कि एसके मार्ग पर बस स्टैंड के सामने सड़क के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनाने का काम शुरू किया गया है। बस स्टैंड के सामने स्पीड ब्रेकर बनाए जाने पर स्थानीय लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों का हार्दिक आभार प्रकट किया है।

### वाहनों की रफ्तार पर लग सकेगा अंकुश

पीडब्ल्यूडी के जेई विशाल सिंगला ने बताया कि रादौर के लोगों की मांग पर बस स्टैंड के सामने स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। स्पीड ब्रेकर बनने से वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लग सकेगा और दुर्घटनाओं से बचाव हो सकेगा।

# शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान : सहोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



हरियाणा सरकार के निर्देशों पर वीरवार को जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में डीआरओ तरुण सहोता ने समस्याएं सुनी। मौके पर अधिकांश समस्याओं को समाधान किया गया। जबकि शेष बची समस्याओं को समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया। डीआरओ तरुण सहोता ने बताया कि समाधान शिविर में नागरिकों ने आठ समस्याएं रखी। जिनमें शास्त्री कॉलोनी निवासी अंजू ने प्रॉपर्टी आईडी न बनने बारे, जयधर निवासी राजरानी ने बीपीएल कार्ड बनवाने बारे, रादौर निवासी मीना ने बिजली के बिल ठीक करवाने बारे, जगाधरी निवासी काजल ने फैमिली आईडी में इंकम ठीक करने बारे व बीपीएल राशन कार्ड बनवाने बारे, मडहर कॉलोनी गौरव ने नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा कचरा न उठाने बारे, यमुनानगर निवासी ऋषिपाल ने सीएम विंडो में समाधान न होने बारे समस्या रखी। जिनमें से अधिकांश का मौके पर समाधान कर दिया गया। जबकि शेष को संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया।

**जागरुकता** एनडीआरएफ टीम ने राजकीय कन्या विद्यालय में लगाया शिविर

# घायल की प्राथमिक उपचार से बच सकती है जान

- शिविर में एनडीआरएफ की टीम ने विद्यार्थियों को स्वयं आत्मरक्षा के बारे में दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वयं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियो को प्रशिक्षण देते एनडीआरएफ टीम के सदस्य।

एनडीआरएफ की सातवीं वाहिनी बठिंडा (पंजाब) की टीम ने शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वयं आत्मरक्षा पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम में एनडीआरएफ टीम का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर रेख सिंह मीना ने किया। टीम ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार और आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक तकनीकों के बारे में प्रैक्टिकल डेमो के माध्यम से जागरूक किया। एनडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर रेख सिंह मीना ने विद्यार्थियों को दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की प्राथमिक चिकित्सा के माध्यम से कैसे जान बचाई जा सकती है के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम दुर्घटना में घायल व्यक्ति के रक्तस्त्राव को रोकने का प्रयास करना चाहिए। प्राथमिक उपचार एक घायल व्यक्ति को दी जाने वाली प्रारंभिक देखभाल है। घायल की जान बचाने के लिए एम्बुलेंस को सही लोकेशन की जानकारी दें।

### मॉक ड्रिल करके दिखाई

सब इंस्पेकटर रेख सिंह मीना ने बताया कि मानवीय आपदा के समय पर धैर्य रखें व शान्त रहें। अपने पास कुछ समय के लिए आवश्यक वस्तुएं जरूर रखें। आपदा के समय लिफ्ट का प्रयोग न करें। घर के बच्चों व महिलाओं को आपदा के समय होने वाले खतरों के बारे में जागरूक अवश्य करें। उन्होंने प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से बचने के लिए मॉक ड्रिल भी करके दिखाई। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं। बल्कि समाज की सेवा हेतु उन्हें तैयार भी करते हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** अंबाला-सहारनपुर रेलवे मार्ग पर यमुनानगर के नजदीक एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। राजकीय रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि अंबाला-सहारनपुर रेलवे मार्ग पर यमुनानगर के नजदीक एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। मृतक की तलाशी लेने पर उसकी जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी शिनाख्त गांव बसातियां वाला निवासी गुरमीत(45) के रुप में हुई। उन्होंने मृतक के परिजनों को सूचना देकर बुलाया।

## खबर संक्षेप



### दून पब्लिक स्कूल में हरसीरत ने लगाई सबसे तेज दौड़

**रादौर।** दून पब्लिक स्कूल बुबका में वीरवार को साप्ताहिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में मुख्य रूप से स्कूल प्रधानाचार्य रेखा कांबोज रही। उन्होंने हरी झंडी दिखा कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का पहला दिन अत्यंत आकर्षक रहा। नर्सरी से केजी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने खेल के मैदान को किलकारियों से गुंजायमान कर दिया। सिंपल रेस, जंपिंग रेस, बिस्किट ईटिंग रेस, बैलून बैलेंस रेस, फ्रॉग रेस, जिग जैग रेस, बैलून रेस, बनाना ईटिंग रेस, लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सिंपल रेस में नर्सरी कक्षा से हरसीरत प्रथम, भूमिक, निवांशी द्वितीय व कनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर केजी कक्षा में सिंपल रेस में हार्दिक प्रथम, समायरा द्वितीय, हितेश व हरिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर केजी कक्षा में अरिक प्रथम, शिवांशी द्वितीय, यशिका व जियांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बिस्किट ईटिंग रेस मे नर्सरी कक्षा से आरिव प्रथम, पगमनूर द्वितीय व फरहान, वामिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा जूनियर केजी से बनाना ईटिंग रेस मे सुखमन प्रथम, विहान, युवी सैनी द्वितीय व वंशिका, विशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर केजी कक्षा से किसलय प्रथम, निष्ठा द्वितीय, मन्नत व रावी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



### महेंद्र सिंह को नशामुक्ति अभियान के लिए सम्मान

**यमुनानगर।** मानव सेवा संघ द्वारा पूर्व भारतीय सैनिक नायक कली राम खिप्पल की पुण्यतिथि पर शहर में राष्ट्रस्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षक महेंद्र सिंह कलेर को सम्मानित किया गया। शिक्षक महेंद्र सिंह कलेर ने बताया कि कार्यक्रम में उन्हें नशा मुक्ति अभियान में नोडल अधिकारी के रूप में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं देने के लिए स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब सहित विभिन्न राज्यों से आए 129 प्रतिभागियों को सामाजिक सेवा के लिए सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में हरियाणा राज्य रक्त संचरण के मुख्या चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखवीर सिंह तथा हरियाणा के चीफ विजिलेंस ऑफिसर शशि कांता शर्मा और ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की रेणु बहन द्वारा सम्मानित किया गया। मंच का संचालन डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा किया गया।




### ग्लोब हेरिटेज ने रूरल स्टेट गेम्स में मारी बाजी

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने रूरल स्टेट गेम्स में खो-खो व कबड्डी चैंपियनशिप में परचम लहराया। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सिग्नस स्कूल अंबाला में रूरल गेम्स एसोसिएशन हरियाणा की ओर से रूरल गेम्स स्टेट चैंपियनशिप 2025-26 आयोजित की गई। जिसमें ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल की 2 टीमों ने भाग लिया। जिसमें लड़को की 14 आयु वर्ग की कबड्डी व लड़कियों की 17 आयु वर्ग में खो-खो की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। लड़कियों की 17 आयु वर्ग खो-खो टीम में प्रियल, इशिका, वैष्णवी, राशिए, चाहत, परी, अनिका, काव्यादीप, रवलीन, मनक, मिल्ली, दिव्या शामिल रही। वहीं लड़को की 14 आयु वर्ग कबड्डी टीम में युवराज, माणिकए,योजितए कुणालए हर्षए आरव, गुरुत्व, चेतन, भगत राम व सार्थक शामिल रहे। स्कूल में पहुँचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया। विजेताओं का स्वागत करने के पश्चात प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया वो सभी बधाई के पात्र हैं व टीम के प्रशिक्षक बच्चों को इतनी मेहनत कराने के लिए सराहना के पात्र हैं। उन्होंने इस जीत को ग्लोब हेरिटेज फैमिली की जीत बताते हुए कहा कि स्कूल में शैक्षिक अध्ययन के साथ बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खेलकूदए मानसिक विकास के लिए आर्ट एवं क्राफ्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर बच्चों को प्रतिभागिता हमेशा कराई जाती रहेगी।

### कृषि मंत्री आज करेंगे सीवरेज व्यवस्था का शुभारंभ



**रादौर।** सरकार की ओर से रादौर में नई स्वीकृत की गई कॉलोनियों में जल्द सीवरेज बिछाने का कार्य शुरू होने जा रहा है। जिसके बाद नई स्वीकृत कॉलोनियों में जनता को सीवरेज की सुविधा मिल सकेगी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से शुक्रवार को शहर की वीआईपी कॉलोनी में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा सीवरेज व्यवस्था का शुभारंभ करेंगे। एसडीओ रवि नायक ने बताया कि शहर की नई स्वीकृत कॉलोनियों में सीवरेज व्यवस्था का निर्माण, सीवेज पम्पिंग स्टेशन व शेष क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था के उन्नयन के कार्य का उद्घाटन कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा करने जा रहे हैं। रादौरी रोड पर स्थित उधम सिंह कॉलोनी में सीवरेज को लेकर लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जल्द ही कॉलोनी में सीवरेज लाइन बिछवा दी जाएगी।

### खेल प्रतियोगिता से बढ़ता है अनुशासन : मंजू

**रादौर।** लाइक पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित किए जा रहे वार्षिक खेल महोत्सव में दूसरे दिन नर्सरी से कक्षा 10वीं तक की सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य प्राध्यापिका मंजू रानी उपस्थित हुई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेलों के महत्व को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों में टीम भावनाए अनुशासन, शारीरिक क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। महोत्सव का विधिवत शुभारंभ विद्यालय की मुख्य प्राध्यापिका मंजू रानी द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। कक्षा-वार शिक्षकों ने खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया। जिनमें दौड़ए रस्साकशी, खो-खो, कबड्डी, लेमन रेस, बैलून रेस जैसी अनेक प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। विशेष रूप से लेमन रेस में नर्सरी से लेकर कक्षा यूकेजी तक के बच्चों ने संतुलन, ध्यान और धैर्य का शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी सभी ने सराहना की। विद्यालय की बच्चियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय की मुख्य प्राध्यापिका मंजू रानी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किए गए।


कुरुक्षेत्र। पर्यटकों का मनोरंजन करते ढोल नगाड़ा पार्टी के कलाकार।


सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।


सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव

# ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम-जोगी, कहीं नगाड़ा बीन और कहीं सारंगी की धुन कानों में घोल रही है रस

महोत्सव में सारंगी पार्टी भी अपनी कला से पर्यटकों को भाव-विभोर कर रही है और अपनी सारंगी से पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करने का काम कर रही है

तरुण वधवा ▶▶ कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर प्रदेश के कोने-कोने से लुप्त होने के कगार पर पंहुचे वाद्य यंत्रों की धुनों को सहजता से सुना जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में लोक कलाकारों ने अपने वाद्य यंत्रों की धुनों से ब्रह्मसरोवर की फिजा को बदलने का काम किया है। इस सरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम-जोगी, कहीं नगाड़ा-बीन और कहीं सारंगी की धुनों को सुनकर पर्यटक मस्ती से झूम रहे है, तो कहीं रंग-बिरंगे, चमकते परिधानों में सजे कलाकारों संग सेल्फी लेने का क्रेज भी पर्यटकों के सिर चढकर बोल रहा है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में जहां प्रदेश के लोक कलाकार पर्यटकों को आनंदित कर रहे हैं, वहीं इस प्रकार के महोत्सव लुप्त हो रही कलाओं का संगम भी बना है। इन्ही तमाम पहलूओं को लेकर ही सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से जंगम-जोगी के ग्रुप, डेरू पार्टी के ग्रुप, नगाड़ा पार्टी के ग्रुप, बीन पार्टी के ग्रुप बुलाए गए है।

इन सभी ग्रुपों के लोक कलाकार महोत्सव में पहुंचे हैं। ये सभी कलाकार सरोवर के चारों तटों पर घूम-घूम कर पर्यटकों का मनोरंजन करने का काम कर रहे हैं। इसके साथ-साथ ब्रह्मसरोवर पर नगाड़ा व बीन की पार्टियां घूम-घूम कर लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कर रही है। एनजेडसीसी के अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि इन पार्टियों के कलाकारों ने हरियाणा की लोक कला के परंपरागत वाद्य यंत्रों की धुनों से पूरे ब्रह्मसरोवर की फिजाओं का बदलने का काम किया है। इस महोत्सव में सारंगी पार्टी भी अपनी कला से पर्यटकों को भाव-विभोर कर रही है और अपनी सारंगी से पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करने का काम कर रही है।

महोत्सव में आने वाले पर्यटकों में प्रस्तुतियों उपरांत कलाकारों के साथ फोटो खिंचवाने व सेल्फी लेने की भी एक होड़ से मच जाती है।

पर्यटक ब्रह्मसरोवर के मनमोहक दृश्यों की फोटो अपने मोबाइल में कैद करके, उन्हें सोशल साइट्स पर उड़ान भरने के लिए छोड़ देते है और फिर सोशल साइटस पर एक क्लिक में महोत्सव पहुंच जाता है विश्व के हर कोने तक। सोशल साइट्स पर अपलोड होते ही शुरू होता है लाइक और कमेंट का दौर, जिससे महोत्सव के हर पहलू को मिल रही है एक नई उड़ान और महोत्सव में ना पहुंच सकने वाले पर्यटक भी गीता महोत्सव के रंगों रुबरु हो रहे है।


कुरुक्षेत्र। पर्यटकों का मनोरंजन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा पवेलियन बना आकर्षण का केंद्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में स्थापित हरियाणा पवेलियन इन दिनों लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है। अपनी भव्य सजावट, सांस्कृतिक विविधता और आधुनिक उपलब्धियों की अनूठी प्रस्तुति के कारण यह पवेलियन पूरे परिसर में सबसे अधिक चर्चा में है। मंगलवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगमन ने हरियाणा पवेलियन की गरिमा को और बढ़ा दिया। उनके पंहुचने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री को हरियाणा की मान-सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा पवेलियन का अवलोकन करते हुए इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह पवेलियन हरियाणा की संस्कृति, परंपरा और प्रगतिशील सोच का उत्कृष्ट संगम है। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस पवेलियन ने वास्तव में हरियाणा की आत्मा को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया है।



## सतयुग दर्शन ट्रस्ट का ध्यान कक्ष स्टॉल कर रहा आकर्षित

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में स्टॉल नंबर 606 गीता जयंती में सतयुग दर्शन ट्रस्ट के द्वारा ध्यान कक्ष स्टॉल लगाया गया है जो पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। ध्यान-कक्ष प्रत्येक व्यक्ति को सतयुगी आचार-संहिता अपनाने, अपने विचार, वाणी और दृष्टि को एकता और एकरूपता में रखने तथा पृथ्वी पर चिरस्थायी शांति बहाल करने का आह्वान कर रहा है। ध्यानकक्ष की समता और समदृष्टि की शिक्षाओं का अभ्यास करके, प्रत्येक व्यक्ति अपने मन और इन्द्रियों को वश में करके, दुःख या सुख तथा हानि या लाभ की स्थिति में सम रहकर, इस संसार में स्थिर रह सकता है। शांत, निर्मल और प्रदूषण मुक्त परिसर के बीच, भव्य गुंबद के आकार का, समता और समदृष्टि का विद्यालय, एक अभूतपूर्व और अद्वितीय वास्तुशिल्प चमत्कार है, जो एक जल निकाय से घिरा हुआ है। ध्यान कक्ष के मुख्य द्वार से पहले सात अन्य द्वार हैं। ये सात द्वार क्रमशः मानवीय गुणों यानी संतोष, धीरज, सत्य, धर्म, समता, निस्वार्थता और परोपकार के प्रतीक हैं। इन क्रमिक द्वारों का उद्देश्य एक व्यक्ति को वास्तविक मनुष्य बनने के लिए आवश्यक गुणों के स्तर का आत्मनिरीक्षण करने में मदद करना है। स्टॉल नंबर 606 से जागरुकता रैली निकाली गई जिसमें कुरुक्षेत्र, अंबाला सिटी व अमीन गांव के सज्जन शामिल रहे।



कुरुक्षेत्र। स्टॉल पर मौजूद ट्रस्ट के सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा महिला विकास निगम का स्टॉल कर रहा है घरेलू उत्पादों की बिक्री

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए शिल्पकारों एवं विभिन्न प्रकार के व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों ने शिल्प व सरस मेला में विभिन्न प्रकार के सामान के स्टॉल लगाए हुए है। वहीं गीता महोत्सव में हरियाणा महिला विकास निगम की ओर संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्टॉल लगाए गए है, जिसमें ऊनी वस्त्र, सजावटी सामान सहित लकड़ी के बने घरेलू उत्पाद रखे गए हैं। महिला बाल विकास निगम की ओर से लगाए गए स्टॉलों के संचालकों ने बताया कि वे स्वयं सहायता समूह से जुड़कर स्वयं सामान तैयार करती है और हरियाणा सरकार की ओर से उन्हें स्वरोजगार चलाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। अन्य महिलाएं स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए स्वयं सहायता समूह से जुडकर अपना स्वरोजगार चला सकती है।

## खबर संक्षेप



### डॉ.शैलेंद्र ममगाईं को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के परामर्शक-फिजिशियन और हृदय-छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली का हृदय उस समय कृतज्ञता एवं साधुवाद से भर गया, जब उन्हें उस विद्यालय की प्रबंध समिति की अध्यक्षा और प्रिंसिपल गीता जयंती के अवसर उनकी समाज के लिए की जा रही सेवाओं के चलते सम्मानित करने के लिए पहुंचे, जिस विद्यालय में उन्होंने पहली कक्षा में प्रवेश लिया था। यह डॉ. शैली के लिए सुखद आश्चर्य जैसा था। उन्हें एक गमले में लगे एक इंडोर प्लांट देकर सम्मानित किया गया। डॉ.शैली को सम्मानित करने वाले समूह में गीता सह-शिक्षा माध्यमिक विद्यालय,थानेसर की अध्यक्षा अर्चना शर्मा, प्रधानाचार्य राजकुमारी एवं शिशु वाटिका विद्यालय प्रभारी शैलजा गोयल शामिल थे।

### आरएमपी एसो. लगाएगी चाय का लंगर

**कुरुक्षेत्र।** आरएमपी एसोसिएशन कुरुक्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष में चाय का लंगर लगाएगी। प्रधान डा. जसवंत ने बताया कि 29 नवंबर 2025 दिन शनिवार सुबह 9 बजे से दोपहर के 3 बजे तक स्टाइल नंबर 745 पर चाय की सेवा की जाएगी। बताया कि आरएमपी एसोसिएशन हर वर्ष गीता महोत्सव में चाय का स्टॉल लगाती है।

## एनआईटी कुरुक्षेत्र का 20वां दीक्षांत समारोह 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन होंगे मुख्यातिथि

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र का 20वां दीक्षांत समारोह 30 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. आशिम कुमार घोष और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विशिष्ट अतिथि होंगे। एनआईटी कुरुक्षेत्र के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की अध्यक्ष सुश्री तेजस्विनी अनंत कुमार समारोह की अध्यक्षता करेंगी। संस्थान के अतिथि गृह में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। संस्थान के निदेशक एवं सीनेट के अध्यक्ष प्रो. बीवी रमणा रेड्डी ने बताया कि इस अवसर पर कुल 1494 उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें बीटेक, एमटेक, एमबीए, एमसीए, एमएससी और पीएचडी उपाधियाँ शामिल हैं। दीक्षांत समारोह कार्यक्रम 30 नवंबर, 2025 को सुबह 10:00 बजे संस्थान के ओपन एयर थिएटर में अतिथियों के आगमन के साथ शुरू होगा। कार्यक्रम में डिजिटल डिग्री एवं यूजी और पीजी के विभिन्न छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान करना शामिल है। बी.टेक. के समग्र टॉपर को स्वर्ण पदक भी प्रदान किया जाएगा। प्रो. रेड्डी ने बताया कि इस वर्ष 20 दिसंबर को, संस्थान अपना पहला वैश्विक पूर्व छात्र दिवस मनाएगा, जो पूर्व छात्रों के साथ संबंधों को मजबूत करने और अपने संस्थान के साथ आजीवन जुड़ाव को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।



## जीवन में खुशी के लिए आत्मज्ञान जरूरी : मास्टरजी

इंसान आध्यात्म की ओर जाएंगा तो सभी रोगों से मुक्ति मिलेगी व जीवन में खुशियां आएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

प्रसिद्ध आध्यात्मिक मार्गदर्शक मास्टरजी ने कहा कि जीवन में खुशी के लिए आत्मज्ञान जरूरी है। वे जोगी धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने मिशन 800 करोड़ की शुरुआत की है जिसका उद्देश्य है दुनिया के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है और उनका नारा है हैप्पीनेस गैरंटीड। सार्वजनिक रूप से कार्य करने के बाद से उन्होंने 250 से अधिक प्रभावशाली कार्यक्रम किए है, जो समाज क विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन का कारण बने है। बता दें कि मास्टरजी को पहले राकेश के नाम से जाना जाता था। आध्यात्मिक गुरु मास्टरजी ने बताया कि मनुष्य जीवन एक अभिनय है, जिसे जो रोल मिला है वह उसे कर रहा है, लेकिन अगर इंसान आध्यात्म की ओर जाएंगा तो सभी रोगों से मुक्ति मिलेगी व जीवन में खुशियां आएंगी। वो युवाओं के साथ मानसिक तनाव, चिंता, अवसाद, नींद संबंधी विकार, आत्मघाती विचार और मादक द्रव्यों के सेवन पर चर्चा कर उन्हें अन्नत के दर्शन करा रहे हैं।


कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते आध्यात्मिक मार्गदर्शक मास्टरजी। फोटो : हरिभूमि

### गीता पढ़ने की नही बल्कि समझने की जरूरत

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर पहुंचे मास्टरजी ने कहा कि गीता पढ़ने की नही बल्कि समझने की जरूरत है। गीता जीवन जीने का ढंग बता रही है। गीता खुशहाली है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मसरोवर के तट स्थित स्टॉल 646 एवं सुकन्या घाट पर श्रद्धालुओं की निरंतर भीड़ उमड़ रही है, जहां मास्टरजी की वाणी सुनने व जीवन के गहरे प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए लोग उत्सुक हैं। उनके अनुयायी आने वाले लोगों को गीता के सार और जागरूकता की शक्ति से परिचित करा रहे हैं। नियमित रूप से वाणी को ध्यानपूर्वक सुनने से मन शांत होता है, जागरूकता बढ़ती है और व्यक्ति कृतज्ञता एवं संतोष के साथ जीवन जीने लगता है। उन्होंने युवाओं में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों- तनाव, चिंता, अवसाद, नींद की समस्याएँ, आत्मघाती विचार और नशे की लत को गहराई से समझने की आवश्यकता पर बल दिया।



## एजेंसियों व समुदायों का एक साथ आना बाल विवाह के खात्मे के प्रयासों को देगी नई ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

**100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित**

जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि सदियों से बेटियों को अवसरों से वंचित किया गया है और विवाह के नाम पर उन पर अत्याचार व शोषण किया जाता रहा है। जन प्रतिनिधियों, सरकारी विभागों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और समुदायों का अभूतपूर्व तरीके से एक साथ आना, बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता और प्रयासों को नई ऊर्जा व रफ्तार देगा। इस समन्वय और सामूहिक संकल्प से हम जिले को सालभर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के प्रति आश्वस्त हैं। वे वीरवार को पंचायत भवन में गैर सरकारी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान को बाल विवाह मुक्त भारत के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर पूरे देश में शुरू किया गया है। अभियान ने एक लक्षित रणनीति तय की है। इसमें स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, उन धार्मिक स्थलों जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं और आखिर में पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## पॉलटेक्निक उमरी में स्मार्ट कक्षाओं एवं तकनीकी सुविधाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानेसर

पॉलटेक्निक उमरी में इटली से आए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक स्वागत किया गया। प्रतिनिधिमंडल में औरेस्ट विगोरिटो, फ्लेवियन बेसिले व अन्य प्रतिनिधि शामिल थे। यह प्रतिनिधिमंडल भारत और इटली के बीच शिक्षा, कौशल विकास तथा तकनीकी सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से संस्थान का दौरा कर रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान में उपलब्ध विभिन्न प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं, स्मार्ट कक्षाओं एवं तकनीकी सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए नवाचार परियोजनाओं कौशल आधारित गतिविधियों की सराहना की। संस्थान ने इटली के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय सहयोग से विद्यार्थियों को वैश्विक तकनीकी मानकों, औद्योगिक आवश्यकताओं और रोजगार अवसरों की बेहतर समझ विकसित होती है। इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम, छात्र विनिमय तथा तकनीकी अनुसंधान जैसे विषयों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने भविष्य में साझेदारी को और मजबूत करने का आश्वासन दिया।

इस प्रतिनिधि मंडल के कोर्डिनेटर कंवल सचदेवा, विभागाध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया तथा विजय सिंह विभागाध्यक्ष, ने तकनीकि शिक्षा हरियाणा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संस्थान की प्रधानाचार्य श्रीमति रचना गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया।



### विकसित भारत 2047 के निर्माण में स्वदेशी एकमात्र सशक्त विकल्प

**कुरुक्षेत्र।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं केडीबी के ओर से लगाए गए हरियाणा पैवेलियन में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा 'स्वदेशी से स्वावलंबन और समृद्ध भारत' अभियान पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि समृद्ध एवं विकसित भारत 2047 के निर्माण में स्वदेशी एकमात्र सशक्त विकल्प है।





## सत्य प्रकाश गुप्ता पैनल को मिल रहा अपार जन समर्थन

**कुरुक्षेत्र।** नगर में अग्रवाल समाज की प्राचीन संस्था श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत (पंजीकृत) कुरुक्षेत्र के 30 नवंबर को होने जा रहे चुनावों को लेकर शहर में गतिविधियां तेज हो गई हैं। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी मुनीश मित्तल ने बताया कि निवर्तमान प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता एवं उनके पैनल ने आज सुभाष मंडी सहित पुराने शहर थानेसर की मार्केट में अग्रवाल समाज के मतदाताओं से उनके पैनल के पक्ष में वोट देने की अपील की। सुबह सत्य प्रकाश गुप्ता पैनल के सभी प्रत्याशी एवं समर्थक पर्ल मार्क होटल के सामने स्थित चुनाव कार्यालय में एकत्रित हुए जहां पूरे दिन की रणनीति बनाई गई। सुभाष मंडी अमीन चुंगी गेट पर सत्य प्रकाश के समर्थक कृष्ण कुमार सिंगला(गीता राम एण्ड संस) और भरत लाल भरतू के प्रतिष्ठान पर जनसभा का आयोजन किया जिसमें अग्रवाल बिरादरी के सभी मौजिज लोगों ने वोट देने की अपील की। प्रधान पद के उम्मीदवार सत्य प्रकाश गुप्ता के साथ उप प्रधान प्रत्याशी जितेंद्र गोयल, महासचिव प्रत्याशी रमेश गोयल, कोषाध्यक्ष प्रत्याशी विपिन अग्रवाल, सह सचिव प्रत्याशी अश्विनी जिंदल एवं कार्यकारिणी सदस्य प्रत्याशी प्रवेश सिंगला, राजकुमार मित्तल, मास्टर सतपाल गुप्ता, राजीव गर्ग, जयपाल गोयल, अशोक गर्ग व अंशुल बंसल साथ रहे। चुनाव प्रचार के दौरान सत्य प्रकाश गुप्ता पैनल के साथ प्रवीण गोयल बंसी, गोपाल दास पाली, संजीव गोयल संजू, विनय गुप्ता, अविनाश गुप्ता, जंग बहादुर सिंगला, संजीव सिकरी मित्तल, साहिल, सुशील गर्ग, दीपक बंसल, विक्की गुप्ता, प्रवीण गोयल, पंकज सिंगला, रवीश सिंगला, वरुण गुप्ता, संजीव गर्ग, आयुष गोयल, अमित गुप्ता, योगेश गर्ग, अजय गुप्ता, सुमित गर्ग, विजय गर्ग और विपिन गर्ग सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने वांछित तीन आरोपी दबोचे

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज मामले में वांछित आरोपी उपेंद्र सिंह उर्फ बंटी, आरोपी मनीष उर्फ सिंपी व दीपक को न्यायालय द्वारा पीओ घोषित किया गया था। अब पुलिस ने इन आरोपियों को काबू किया है। प्रबंधक थाना अंबाला सदर शंभू लाल ने बताया कि उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ पहले केस दर्ज हुए हैं। इन केसों की सुनवाई में यह आरोपी नियमित सुनवाई में शामिल नहीं हो रहे थे। इसी वजह से अदालत ने इन आरोपियों को पीओ घोषित कर दिया था।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज स्नेचिंग के मामले में आरोपी रोहित को गिरफ्तार किया है। परिवादी अनूप कुमार ने 17 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सिविल अस्पताल अंबाला छावनी के पास एक्टिवा सवार लड़के ने उससे मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी का आरोपी छह दिन के पुलिस रिमांड पर

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी विक्रमजीत व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 6 दिन के रिमांड पर लिया गया है। पीड़ित महिला ने 13 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2023 को आरोपी विक्रमजीत, आरोपी महिला व अन्य ने साजिश रचकर गुमराह करते हुए उससे अलग-अलग बैंकों से लोन लेने बारे पैसे हड़पने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### अंबाला:एटीएम से पैसे निकालने वाला दबोचा

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज एटीएम मशीन से धोखाधड़ी से पैसे निकालने के मामले में पुलिस ने आधुनिक संसाधनों का उपयोग कर मामले में संलिप्त आरोपी रोहित उर्फ अमित व कपिल को गिरफ्तार किया है। मुलाना के धर्मदास ने 4 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 अक्तूबर 2025 को आरोपी ने अनाज मंडी में स्थित एटीएम मशीन से धोखाधड़ी से एक बड़ी रकम निकालने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# 22 अवैध कॉलोनियां होंगी वैध, इन इलाकों में विकास की बहेगी बयार

## भाजपा के निगम सदस्यों ने अपनी ही पार्टी की मेयर शैलजा सचदेवा की कार्यशैली पर उठाए सवाल, कहा कॉलोनियों के मुद्दे पर नहीं मिला सहयोग

- पचास फीसदी से ज्यादा आबाद हो चुकी इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के लिए बड़ी राहत की बात है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की 22 अवैध कॉलोनियां वैध होने जा रही हैं। 50 फीसदी से ज्यादा आबाद हो चुकी इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के लिए यह बड़ी राहत की बात है। इन कॉलोनियों को लेकर वीरवार को भाजपा के निगम सदस्यों ने विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान इन सदस्यों ने अपनी ही पार्टी की मेयर शैलजा सचदेवा की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कहा कि अंबाला शहर के लोगों के लिए यह बेहद खुशी की खबर है कि जल्द ही शहर की 22 अवैध कॉलोनियां वैध होने जा रही हैं। साथ ही 54 के लगभग पैच वैध होने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह पूरा मामला लंबे समय से अटका हुआ था लेकिन अब पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से बड़ी सौगात शहर को मिलने वाली है। डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि जनता के मुद्दों पर निगम सदस्यों को मेयर शैलजा सचदेवा का का सहयोग नहीं मिला। उन्होंने बताया कि इसके लिए विशेष एजेंडा चलाया गया जिस पर मेयर को छोड़कर पक्ष- विपक्ष के सभी निगम सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने बताया कि पूर्व में जिस समय अवैध कॉलोनियों को वैध कराने का प्रस्ताव आगे बढ़ाया जा रहा था उस समय मेयर ने साथ नहीं दिया। मेहता ने कहा कि यह अंबाला की जनता के साथ धोखा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निगम सदस्य चाहे सत्ता पक्ष के हो या विपक्ष के सभी एकजुट होकर जनता के हित में खड़े हुए लेकिन मेयर ने इस मुद्दे में साथ नहीं दिया।




**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते निगम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### विपक्ष का पूरा सहयोग

भाजपा के निगम सदस्य मनीष आनंद ने बताया कि एनडीसी पोर्टल पर कई खसरा नंबरों से जुड़ी गंभीर समस्याएं सामने आई थीं। उन्होंने बताया कि जब भाजपा की मेयर पद पर जीत हुई थी तब इन समस्याओं को मेयर के समक्ष रखा गया था। उनसे फाइल पर हस्ताक्षर कर समाधान की दिशा में कदम उठाने की अपील की गई थी लेकिन मेयर कार्यालय में भेजी गई महत्वपूर्ण फाइल पर हस्ताक्षर नहीं किए गए। इससे प्रक्रिया बाधित होती रही। आनंद ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर सदस्यों ने हार नहीं मानी। विपक्ष के सदस्यों ने भी इस मामले में पूरा सहयोग दिया।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री असीम गोयल ने उस समय मंत्री रहते हुए इस विषय को अधिकारियों के सामने मजबूती से उठाया था। उनके हस्तक्षेप के बाद न केवल अंबाला बल्कि पूरे प्रदेश में संबंधित विभागों ने इस दिशा में कार्रवाई शुरू की। परिणामस्वरूप अब अंबाला शहर को यह बड़ी सौगात मिल रही है। साथ ही 22 अवैध कॉलोनियों के वैध होने का रास्ता साफ हो गया है। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा, निगम सदस्य हितेश जैन,मोनिका मल,फकीर चंद,सरदूल सिंह,राकेश सिंगला,शोभा पुनिया, सदस्य प्रतिनिधि गुरप्रीत सिंह शाना,पिंकू सूद मौजूद रहे।

### ये कॉलोनियां होंगी वैध

अवैध से वैध होने वाली कॉलोनियों में जग्गी कॉलोनी फेस 1-2(जंडली), जग्गी गार्डन न्यू एरिया, रामपुरा मोहल्ला,मोती नगर, डीडब्ल्यूएस कॉलोनी,,प्रीत कालोनी,लब्बू वाला तलाब का नजदीकी क्षेत्र,मोती नगर ,नसीरपुर,सेठी एनक्लेव ,चरखी मोहल्ला ,बरनाला नई आबादी ,धूलकोट ,जंडली,मिलाप नगर ,सोनिया कॉलोनी,महिंदर नगर,लक्ष्मी नगर,शांति नगर ,दुर्गा नगर ईस्ट,रविदास माजरी,गोबिंद विहार,पटेल नगर,दशमेश नगर ,वीटा विहार,शालीमार विहार,निर्मल विहार,एमसी कालोनी,शंकर कॉलोनी व अन्य 54 पैच वर्क भी शामिल हैं।

## विज ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर एसएचओ को लगाई फटकार

# किसी को भी गुंडागर्दी नहीं करने दूंगा एसएचओ को तुरंत कार्रवाई के निर्देश

युवती का पीछा कर परिवार पर हमला करने वाले आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

युवती का पीछा करने और उसके परिवार पर हमला करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई न होने से मंत्री अनिल विज ने सख्त रुख अपनाया। जन समस्याओं को सुनते हुए विज के सामने जब पीड़ित परिवार ने अपनी शिकायत दर्ज कराई, तो उन्होंने तुरंत अंबाला छावनी थाना के एसएचओ को मौके पर तलब किया। साथ ही फटकार लगाते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। विज ने कहा कि लड़कियां शहर में आ-जा न सकें, ऐसा मैं अपने शहर में नहीं होने दूंगा। यह मेरे और तुम्हारे लिए मरने जैसा है। विज ने कहा कि जिन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाएद्ध उन्होंने पुलिस को सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई हो और किसी भी पीड़ित परिवार को न्याय के लिए भटकना न पड़े। मंत्री के निर्देशों के बाद पुलिस द्वारा इस संबंध में केस दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। अंबाला कैंट हाउसिंग बोर्ड की दंपत्ति ने मंत्री विज को बताया कि उनकी बेटी कोचिंग सेंटर से घर लौट रही थी तभी दो युवक लगातार उसका पीछा कर रहे थे और गाली-गलौज कर रहे थे। परेशान होकर लड़की ने माता-पिता को फोन कर मौके पर बुला लिया। परिवार ने बताया कि उन्होंने तुरंत 112 डायल करके पुलिस को बुलाया। मगर पुलिस पहुंचने से पहले ही युवकों ने परिवार पर हमला कर दिया और उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित परिवार देर रात सिविल अस्पताल मेडिकल कराने गया, लेकिन वहां भी स्थिति तनावपूर्ण हो गई। शिकायत के अनुसार, करीब 15 युवक अस्पताल में इकट्ठा हो गए और गोली मारने की धमकी देने लगे। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अनिल विज ने कहा कि अंबाला में बेटियों की सुरक्षा से समझौता नहीं होगा। उन्होंने एसएचओ से सख्त लहजे में कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस को तुरंत एक्शन लेना चाहिए, ताकि लोगों में विश्वास बना रहे। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि यदि ऐसे मामलों में लापरवाही हुई, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई संभव है। इससे पहले भी अनिल विज ने अपने आवास पर जनसुनवाई की जहां बिजली, पानी, वेतन न मिलने, मारपीट और अन्य कई शिकायतें सामने आईं। गांव मच्छौंडा के महिला ने पीने के पानी के कनेक्शन में देरी की शिकायत की।



**अंबाला।** लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

### बेटियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

कुछ युवकों ने बताया कि रोडवेज वर्कशॉप में अप्रेंटिस करने के बाद भी उन्हें मेहनताना नहीं मिला। मारपीट, सामाजिक तनाव और बिजली समस्या से जुड़े कई मामलों में भी विज ने तुरंत अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया। क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विज ने कहा कि पुलिस को सक्रिय रहना चाहिए और बेटियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर अपराधियों को सख्त संदेश नहीं दिया गया तो ऐसे मामले बढ़ते रहेंगे। मंत्री ने कहा कि भरोसा तभी पैदा होगा जब लोग महसूस करेंगे कि कानून उनके साथ खड़ा है।

## रामबाग मैदान में तैयारियां प्रारंभ

# भव्य ढंग से मनाई जाएगा गीता जयंती महोत्सवः डीसी

डीसी ने सामाजिक संस्थाओं से किया आग्रह समारोह की कामयाबी के लिए करें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव रामबाग मैदान अंबाला शहर में भव्य ढंग से मनाने का काम किया जाएगा।

जिला प्रशासन व सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जाएगा। उपायुक्त वीरवार को अपने कार्यालय में अधिकारियों व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक ले रहे थे। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं हमेशा ही जिला प्रशासन का सहयोग देते हुए बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती हैं। संस्थाओं के साथ समाज के गणमान्य लोग जुड़े होते है और इनका लोगों के साथ सीधा संपर्क होता हैं।

उन्होंने संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आह्वान किया कि वे जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में अधिक से अधिक लोगों को जोडक़र कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन करवाएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जितने ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करनी है ताकि कार्यक्रम को भव्य ढंग से मनाने का काम किया जा सके। उन्होंने बताया कि 28 नवंबर को सोहन लाल डीएवी कॉलेज में गीता सेमिनार का आयोजन किया जाएगा तथा 29 नबंवर को रामबाग मैदान अंबाला शहर में हवन यज्ञ के साथ जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारम्भ होगा।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी, वहीं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल भी लगाए जाएंगे। इसके साथ-साथ सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा यहां पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उन्होंने जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के दृष्टिगत सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के साथ-साथ जिलावासियों को जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम का निमंत्रण दिया और कहा कि अधिक से अधिक लोग इन तीन दिवसीय समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाएं। इस मौके पर एसीयूटी राहुल कनवरिया, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीआईओ शुभम जोधा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, जगदीश सचदेवा, रमेश गांधी के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जिला सड़कक सुरक्षा समिति की बैठक में

# जिम्मेदारी के तहत सड़क सुरक्षा संबधी कार्यों पर विशेष ध्यान दें




**अंबाला।** अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी। फोटो : हरिभूमि

- पुलिस ने 104339 चालान कर 3.21 करोड़ का जुर्माना वसूला

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अपने कार्यालय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए सडक़ सुरक्षा से संबंधित कार्यों बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्होने पिछली बैठक के दौरान जिन विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे उसकी भी समीक्षा की। उन्होंने बैठक के दौरान विभागों को निर्देश दिए कि आगामी धुंध के सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग अपने विभाग से सम्बन्धित जो कार्य किए जाने होते हैं उसे समयबद्ध तरीके से करना सुनिश्चित करें। बैठक में एसपी अजीत सिंह शेखावत, एसीयूटी राहुल कनवरिया, आरटीए सचिव सुशील कुमार, एसडीएम विश्वजीत भारती उपस्थित रहें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि धुंध के सीजन में सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, ऐसे में सभी विभाग अपनी जिम्मेवारी के तहत सड़क सुरक्षा संबधी कार्यों पर विशेष ध्यान दें ताकि सडक़ दुघटनाओं को रोका जा सके। इसके साथ-साथ उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि जिले की सभी प्रमुख सडक़ों पर व्हाइट रोड मार्किंग, पोल रिफ्लेक्टर, कैट-आइ और कॉमर्शियल वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेपींग इत्यादि सडक सुरक्षा को लेकर सभी आवश्यक कार्य जल्द पुरा करवाना सुनिश्चित करें ताकि धुंध के मौसम में वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे। इसके साथ-साथ सडक़ों पर यदि कहीं पर कोई पैचवर्क या अन्य कार्य किए जाने हैं उन कार्यों को प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## आरोपी छह दिन के पुलिस रिमांड पर

# महिलाओं से करोड़ों की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- 1500 से ज्यादा महिलाओं को मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगी की शिकार बनाने का आरोप

**अंबाला।** महिलाओं से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने काबू कर लिया है। मामले में गहनता से पूछताछ के लिए पुलिस ने आरोपियों को छह दिन के रिमांड पर या है। गिरफ्तार आरोपियों में जटवाड़ गांव का रहने वाला विक्रमजीत व महिला पूजा शामिल है। बता दें कि आरोपियों ने पहले महिलाओं को पैसे डबल करने का झांसा देकर फंसाया, फिर उनके दस्तावेज इकट्ठा कर बैंक से लोन लेकर बड़ा घोटाला किया। इस मामले में अब तक करीब 250 महिलाएं सामने आ चुकी हैं। करीब 250 से अधिक महिलाएं बुधवार को अंबाला एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन करने पहुंची थीं। महिलाओं ने आरोप लगाया था कि उनके साथ बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी हुई है और आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। प्रदर्शन के बाद पुलिस सक्रिय हुई और अब दो आरोपियों को गिरफ्तार में लिया गया है।

## वार्डबंदी कमेटी में किसी विपक्षी दल के सदस्य को नहीं किया शामिल

# वार्डबंदी की प्रक्रिया पर कांग्रेस ने उठाए सवाल नेता बोले-निष्पक्षकता जांच के दायरे में

- चल रही वार्डबंदी की प्रक्रिया पर कांग्रेस ने गंभीर आपत्ति जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर नगर निगम चुनाव को लेकर चल रही वार्डबंदी की प्रक्रिया पर कांग्रेस ने गंभीर आपत्ति जताई है। कांग्रेस का आरोप है कि वार्डबंदी समिति में पार्टी के सदस्यों को शामिल नहीं किया गया, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्न उठ रहे हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि वार्डबंदी एक संवेदनशील प्रशासनिक प्रक्रिया है इसलिए इसमें सभी राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व जरूरी होना चाहिए। लेकिन उनके अनुसार समिति में केवल चुनिंदा लोगों को शामिल किया गया है, जिससे पक्षपात की आशंका बढ़ गई है। कांग्रेस पार्षदों ने स्पष्ट कहा कि बैठक में हर दल को बराबर स्थान मिलना चाहिए। यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है, न कि किसी एक पक्ष का निर्णय। शहर की कुल आबादी लगभग 25.5 लाख बताई जा रही है। इनमें से करीब 40 हजार आबादी बीसी वर्ग से जुड़ी हुई बताई जा रही है, जिसके आधार पर कुछ वार्डों को बीसी आरक्षण मिलने की संभावना है।



**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते कांग्रेसी नेता। फोटो : हरिभूमि

### विरोध प्रदर्शन का रास्ता

इस मुद्दे पर कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि वार्डबंदी की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी रखा जाना चाहिए। अंतिम निर्णय से पहले सभी दलों को जानकारी दी जाए। उनका कहना है कि यदि रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई तो वह विरोध प्रदर्शन का रास्ता अपना सकते हैं। निम सदस्य मिथुन वर्मा ने कहा कि जब नगर निगम चुनाव की दिशा तय की जा रही हो, तब राजनीतिक दलों को सहभागी बनाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 8 महीनों से नगर निगम की नियमित बैठकें आयोजित नहीं हुई हैं, ऐसे में अब वार्डबंदी को चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत माना जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि चुनाव की तैयारी के लिए वार्डबंदी की प्रक्रिया अब तेजी से आगे बढ़ाई जाएगी।

**कार्यक्रम** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विवि में शिक्षाविदों के लिए सेमिनार का आयोजन

होने वाले तनाव को पकड़ कर न रखें

# सबसे ज्यादा बीमारियों के कारण तनाव-गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के जग्गी कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शिक्षाविदों के लिए शिक्षक उज्जवल भविष्य के रचनाकार विषय पर विशेष सेमिनार का आयोजन आश्रम संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दिव्या दीदी के मार्गदर्शन में किया गया। इस सेमिनार में शहर के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल के प्रिंसिपल व शिक्षकों को आमंत्रित किया गया जिसमें लगभग 100 शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता राजयोगी ब्रह्माकुमार भ्राता प्रोफेसर बीके ईवी गिरीश ने अपने वक्तव्य में बताया कि हमें शिक्षण के फील्ड में, घर में बच्चों तथा अन्य संबंधियों के साथ रहते शांत, खुश, सुख, आनंद की भावना को बनाए रखना है। किसी भी बात के कारण हमें अपनी शांति व खुशी को छोड़कर व्यवहार नहीं करना है। भाई जी ने बताया जब हम लोगों के व्यवहार के प्रति चिंतित भयभीत होकर स्ट्रेसफुल रहते हैं तो न ही समस्या का समाधान होता है और ही हम सभी इस स्ट्रेस और टेंशन को आगे ट्रांसफर करते रहते हैं। इससे हम अपनी आने वाली पीढ़ी बच्चों को भी वैसा ही बना रहे हैं। हम भी अपने कार्य क्षेत्र पर तनावपूर्ण होकर कार्य करते हैं। हम अपनी और बच्चों की क्रिएटिव क्षमता को खत्म करते जा रहे हैं। हमें अपने माइंडसेट को शुभ बनाना है। उन्होंने एक्टिविटी कर बताया कि कैसे हमें बीती बातों, व एक दूसरे की बातों से होने वाले तनाव को पकड़ कर नहीं रखना है। किसी को भी कंपेयर, क्रिटिसाइज नहीं करना है।



**अंबाला।** सेमीनार में मौजूद शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षकों व प्रिंसिपल का धन्यवाद किया

हम जो बच्चों से चाहते हैं वैसा व्यवहार हमें कर्म में लाकर सीखाना है। हम क्रोध गुस्से के द्वारा किसी को शांति खुशी का पाठ नहीं सिखा सकते हैं। हम अपने बच्चों को व स्कूल के विद्यार्थियों को स्वयं के ही व्यवहार, स्वरूप, चेहरे, चलन से अच्छा व बुरा सिखा सकते हैं। उन्होंने अपने मेडिकल सेमिनार्स के दौरान यह समझा कि अब के समय में सबसे ज्यादा बीमारियों का कारण ही यह तनाव चिंता गुस्सा इरिटेशन फ्रस्ट्रेशन है। इन सबसे समाधान के लिए उन्होंने बताया कि हमें राजयोग मेडिटेशन को सीखना चाहिए जो हमें खुशनुमा,आनंदित, शांतिपूर्ण जीवन बनाने में मदद करता है। राजयोग द्वारा हमें अनुभव होएंगा कि परमात्मा सुप्रीम टीचर बनकर हमें गाइड कर रहे है। आश्रम संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दिव्या दीदी ने सभी आए हुए सम्मानित शिक्षकों व प्रिंसिपल का धन्यवाद किया।